SY-05

Reg. No. : ....

Name : ....

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY
SECOND TERMINAL EXAMINATION, DECEMBER-2023

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । (5 × 1 = 5)

1. 'सूरीनाम में पहला दिन' किसकी रचना है ?

   (मैथिलीशरण गुप्त, अमृता प्रीतम, हिमांशु जोशी)

2. मातृभूमि का सिंहासन कौन है ?

   (नीलांबर, शेषफन, रत्नाकर)

3. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' किस विधा की रचना है ?

(आत्मकथा, कविता, भाषण)

4. कुमार किस रचना का पात्र है ?

(मुरकी उर्फ बुलाकी, सपने का भी हक नहीं, मेरे भारतवासियों)

5. बादशाह ने बेटी का खत कितनी बार पढ़कर सुना ?

(एक, दो, तीन)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

इक कमरेवाली झोंपड़ी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन–दीवार पर
अपना विस्तृत घर खींचने लगी ।
खाने–पीने–सोने के
अलग–अलग कमरे,
रसोई यदि बैठक के
निकट रखती तो
पूजा का कमरा कहाँ होगा ?

6. सपना देखने वाली कहाँ रहती है ? (1)

7. सपने के घर में किन–किन के लिए अलग–अलग कमरे हैं ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2 × 2 = 4)

9. 'क्या खबर कि यह खत तुमको मिलेगा भी या नहीं ?' – बादशाह के मन में ऐसा शक क्यों हुआ ?

10. रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई, क्यों ?

11. 'तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?' – कवि ऐसा क्यों सोचता है ?

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3 × 4 = 12)

12. जीवनवृत्त पढ़ें और डॉ. भगवतशरण अग्रवाल के बारे में एक अनुच्छेद लिखें :

	जीवनवृत्त
नाम	: डॉ. भगवतशरण अग्रवाल
जन्म	: 1930
जन्मस्थान	: बरेली, उत्तरप्रदेश
रचना	: इन्द्रधनुष
विशेषता	: हिन्दी काव्य जगत में हाइकू को एक अलग पहचान दिलाना

13. "खाना-पीना साथ है

मरना-जीना साथ है

सारी जिन्दगी

ये दोस्ती ..... "

दोस्ती की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें ।

14. ये कथन पढ़ें और राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- री मुरकी ! किसके कानों में पड़ेगी और किसकी नाक में बुलाक की तरह चमकेगी ?
- किसी दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ा लेकर लौट आई, नहीं तो न जाने कहाँ भटकती ।

15. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

धन्य है वर्षा

खेतों में कविताएँ

बोते किसान

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें ।

मॉरिशस, त्रिनिदाद, ब्रिटेन के पश्चात् विश्व हिन्दी सम्मेलनों की यह सातवीं यात्रा है – सातवीं मंज़िल । एक सौ तीस साल पहले जो प्रथम भारतीय श्रमिक यहाँ आए थे, उनके आगमन की स्मृति में इस 'हिन्दी महापर्व' का आयोजन हो रहा है । भारत के अलावा अनेक देशों के हिन्दी लेखक, हिन्दी प्राध्यापक, हिन्दी प्रचारक, हिन्दी सेवी अपनी उपस्थिति का अहसास जता रहे हैं ।

16. किनके आगमन की स्मृति में हिन्दी महापर्व का आयोजन हो रहा है ? (2)

17. खंड का संक्षेपण करें । (6)

सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3 × 6 = 18)

18. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

जबहीं बन मुरली स्रवन परी ।
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल को ढरनि ढरीं ।।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।
'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

19. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी किसी दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ा लेती है । इस प्रसंग में मुरकी और दयालु व्यक्ति के बीच की बातचीत लिखें ।

- शहरी लड़के के साथ भागना
- सुखी जीवन बिताना
- पति द्वारा उपेक्षा

20. 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल में भाषण प्रतियोगिता हो रही है । विषय है – 'विद्यार्थी और देश प्रेम' । इसके लिए एक पोस्टर तैयार कीजिए ।

21. शादी की तैयारियाँ देखकर दीदी का मन संघर्ष से भरा । वह अपने संघर्ष को सूचित करते हुए सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

- परिवार वालों से बिछुड़ने का दुःख
- बोझ बनने की नियति
- ससुराल के प्रति आशंका

22. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिन्दीं में अनुवाद करें।

Sports are very essential for every human life. It keeps our organs alert. It improves the personality of people.

(sports – खेल, personality – व्यक्तित्व, organs – अंग, alert – चेतावनी)

(8)

23. सही मिलान करें।

Commerce	–	पारिस्थितिकी
Advance	–	बट्टा
Ecology	–	पेशगी
Virus	–	वाणिज्य
Geometry	–	प्रतिशत
Percent	–	विषाणु
Discount	–	उधारकर्ता
Borrower	–	रेखागणित

सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। (2 × 8 = 16)

24. बाज़ार में हाल ही में नई इलेक्ट्रिक कार (Electric Car) आयी है। इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

- नया मॉडल
- ज्यादा माइलेज
- अनेक रंगों में
- कम दाम

25. 'बेटी के विदा होने में अभी दो-चार दिन थे। मगर ज़मीन की विदाई आज ही हो रही थी।' दोनों विदाइयों पर दुःखी पिता अपनी डायरी लिखता है। वह डायरी लिखें।

- बेटी की शादी
- शादी की तैयारियाँ
- ज़मीन की रजिस्ट्री
- मन का दुःख

26. लेखक विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने के लिए पारामारिबो पहुँचे। वहाँ के अनुभवों का उल्लेख करते हुए अपना आत्मकथांश लिखता है। वह लिखें।

- उद्घाटन समारोह
- राष्ट्रपति का भाषण
- हिन्दी का प्रचार
- भारतवंशियों का उत्साह